**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सी.टी. संकलन एवं विवृद्धि प्रदर्शनी का आयोजन

पन्तनगर। 13 मई 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग और प्रसार शिक्षा और संचार प्रबन्धन विभाग द्वारा क्रमशः 'सी टी संकलन' 2025 तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रदर्शनी 'विवृद्धि' 2025 नामक शीर्षक पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कुलपति डा. मनमोहन सिंह द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. ए. के. गौर, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल उपस्थिति थे। उक्त प्रदर्शनी में एस आर.पी (स्टूडेन्ट रेडी प्रोग्राम) के विद्यार्थियों द्वारा इस षट मास में निर्मित किये गये उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न शीर्षकों जैसे सुरेश्रुति, धुति, साइक्लोटेक्स, थ्रेड्स ऑफ पंतनगर, सीजन्स ट्रेल पर केन्द्रित उत्पादों का निर्माण किया गया, जिसमें बेबी फ्रॉक, पार्टीवियर ड्रेस, कुर्ता, टोट बैग्स, स्लिंग बैग्स, वॉल हैंगिंग्स ,बैड शीट, कुशन कवर आदि निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। विवृद्धि 2025 प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न विषय में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री निर्मित की जैसे की फ्लायर, बुकलेट, सोशल और कमर्शियल विज्ञापन, लेख एवं पोस्टर, फ्लैश कार्डस, ब्रोशर, लिफलेट, पैम्फलेट आदि यह सामग्री अनेक विषयों पर बनाई गई जैसे की डिजिटल एक्सटेंशन ऐंड स्मार्ट टेक्नोलॉजी, स्मार्ट विलेज, इंडीजीनस प्रैक्टिसेज फोर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, नेशनल हेरिटेज, डिजास्टर प्रिपरेडनेस ऐंड हाउसहोल्ड सेफ्टी। इनका डिजाइन छात्रों द्वारा कम्प्यूटर सॉफ्ट वेयर्स जैसे कैनवा और फोटोशॉप के उपयोग से किया गया। प्रिंट मीडिया के अतिरिक्त छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों जैसे लाइफ बिहाइं डस्क्रीन्स, फ्रॉड कॉल्स, पूरक आहार, फूड एडल्ट्रेशन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, आदि पर विज्ञापन, रेडियो एवं वीडियो प्रोग्राम बनाए गई जिनका प्रदर्शन भी किया गया। छात्र–छात्राओं द्वारा ब्लॉग कंपटीशन भी ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया। टेलीफोन बूथ विवृद्धि 2025 में आकर्षण का केंद्र रहा।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने प्रदर्शनी की सराहना की और सुझाव दिया की हमें अपने प्राचीन वेदों की शिक्षा को अभी के युग में इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने ब्लॉग मेकिंग कंपटीशन के विजेताओं को अवॉर्ड एवं मोमेंटो भी दिया और उनके ब्लॉग्स की सराहना की। प्रसार शिक्षा एवं प्रबन्धन विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा उक्त कार्य डा. अनुपमा पांडे एवं डा. पूजा टम्टा, प्रभारी अधिकारी सामुदायिक विज्ञान प्रसार विभाग के दिशा–निर्देशन में किया गया। परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग के उत्पादों का निर्माण डा. अनीता रानी एवं डा. साक्षी, कोर्स प्रभारी के दिशा–निर्देश में किया गया। प्रदर्शनी के आयोजन में अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपना योगदान दिया।